

मैं उस प्रभु का सेवक हूँ जिसे अज्ञानी मनुष्य कहते है
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक136 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शनिवार 03 फरवरी 2024 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ 4



पृष्ठ-3 संपादकीय एवं प्रदेश समाचार | पृष्ठ-3 सिवनी /बालाघाट समाचार | पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


## सायकल आँन रैली का आयोजन आज

### दस हजार प्रतिभागी होंगे शामिल, समिति ने आयोजन की सफलता के लिये सभी से सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की

सिवनी यशोः- सिवनी नगर में स्वच्छता सर्वेक्षण एवं पर्यावरण संदेश के लिये सायकल आँन रैली का आयोजन आज शनिवार 03 फरवरी को प्रातः 8:00 बजे मिशन स्कूल ग्राउंड से किया जायेगा । इस आयोजन में दस हजार प्रतिभागी शामिल होंगे जिनके पंजीयन हो चुके है । आयोजन समिति ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया हक आयोजन स्थल पर भी सुबह 7:00 बजे तक पंजीयन की सुविधा उपलब्ध रहेगी । आयोजन प्रातः 8:00 बजे सायकल आँन समिति के ध्वजारोहण के साथ प्रारंभ होगा । ध्वजारोहण जिले के जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया जायेगा, ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान एवं स्वच्छता से संबंधित शपथ दिलाई जायेगी । सायकल आँन रैली निर्धारित मार्गो से होकर गुजरेगी । सायकल आँन के प्रतिभागियों के लिये सांई सेवा समिति द्वारा मिशन स्कूल ग्राउँड में स्वल्पाहार की व्यवस्था रहेगी एवं चाकलेट विस्किट प्रदान की जायेगी ।




आयोजन समिति ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि आयोजन का स्वरूप विशाल है इस आयोजन को सफल बनाने में प्रतिवर्ष अनुसार सामुहिक जि मेदारी का परिचय दें और रैल में कुछ सावधानियाँ आवश्यक रूप से रखे । सायकल आँन रैली के दौरान सभी प्रतिभागी अपनी सायकल का ध्यान रखें । आयोजन स्थल पर सायकल में हवा, पंचर या अन्य छोटी समस्याओं के निराकरण के लिये समिति ने व्यवस्था दी है परंतु रैली के दौरान कोई प्रतिभागी किसी समस्या का शिकार होता है तो अन्य प्रतिभागी सहयोगात्मक प्रतिभागी होने का परिचय दें। रैली में शामिल होने वाले प्रतिभागी ऐसा कोई काम न करें जिससे स्वच्छता एवं पर्यावरण के संदेश पर विपरीत असर हो अतःस्वच्छता का ध्यान रखें । रैल में शामिल होने वाले प्रतिभागी समय पर आयोजन स्थल पर अपनी उपस्थिती सुनिश्चित करें । जिन प्रतिभागियों के रजिस्ट्रेशन नहीं हो पायेंगे उनके लिये कार्यक्रम स्थल मिशन स्कूल ग्राऊंड में प्रातः 06 से प्रातः 07 बजे तक रजिस्ट्रेशन प्रदान करने की सुविधा रहेगी । रजिस्ट्रेशन स्थल पर सुधीर जिंदल, डैनी जैन, संदीप चौरसिया, अनिल पटवा, अतुल जैन गरबा कमेटी के सदस्य उपस्थित रहेगे । जिनसे संपर्क कर पंजीयन कराया जा सकता है ।

**एक पैडल सिवनी के नाम**

सायकल आँन रैली मिशन स्कूल से प्रारंभ होकर गणेश चौक, शुक्रवारी, नेहरू रोड, दुर्गा चौक मठ स्कूल से होते हुये छिंदवाड़ा चौक, महावीर मढिया, नगर पालिका चौक, बस स्टैंड, दल सागर चौपाटी, एम.एल.बी स्कूल से भैरोगंज चौक, से कले टर बंगला से सर्किट हाऊस से बाहुबली चौक, सिंधिया पुतला से मिशन स्कूल में रैली का समापन होगा । यहाँ प्रतिभगियों के प्रोत्साहन के लिये किये पंजीयन के आधार पर लकी ड्रा निकाले जायेगे एवं सौभाग्यशाली लकी ड्रा के माध्यम से जिनके नाम निकलेंगे उन्हें सायकल प्रदान की जायेगी ।

आयोजन समिति ने सभी प्रतिभागियों एवं सहयोगिया से आग्रह किया है कि यह आयोजन आपका अपना है इसकी व्यापक सफलता के लिये सभी सहयोगात्मक भूमिका का निर्वाह करें ।

## भगवान श्री गणेश जी का 33 वाँ स्थापना दिवस समारोह आज

सिवनी यशोः- प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान श्री गणेश जी का स्थापना दिवस दिनांक 3 फरवरी 2024 दिन शनिवार को श्री गणेश मंदिर छिंदवाड़ा चौक शंकराचार्य चौक सिवनी में स्थापना दिवस पटोत्सव का भव्य आयोजन किया गया है।

***कार्यक्रम***

कार्यक्रम के संबंध में मंदिर के पुजारी पंडित हरिकुमार तिवारी ने जानकारी देते हुये बताया कि प्रातः 7 बजे से - श्री गणेश जी का अभिषेक एवं आकर्षक श्रंगार, 8 बजे से दूर्वा एवं शमी पत्र से सहस्त्र अर्चन एवं गणेश जी के मंत्र का सामूहिक जाप पश्चात प्रातः आरती। दोपहर- 12:00 बजे से श्री गणेश जी को 56 प्रकार के व्यंजनों का महाभोग। दोपहर- 3:00 बजे से हवन पूजन। संध्या-6 बजे से 108 दीपो का दीपदान। रात्रि- 8 बजे से श्री गणेश जी की महा आरती के पश्चात महाप्रसाद वितरण किया जाएगा।



इस पूर्ण वेला में श्रद्धालु भक्तजनों से विनम्र निवेदन है कि विश्व शांति, प्राकृतिक आपदाओं की शांति व सभी के संकट निवारण हेतु सामूहिक पूजन अर्चन कर पूर्ण लाभ अर्जित करें।

## आशीष मानाठाकुर नेहरू युवा केंद्र के जिला सलाहकार समिति सदस्य नियुक्त

सिवनी यशोः- केन्द्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के द्वारा सिवनी से आशीष मानाठाकुर को सामाजिक सेवा, युवा कार्य, शिक्षा, संस्कृति के क्षेत्र से प्रतिष्ठित श्रेणी के अंतर्गत नेहरू युवा केन्द्र जिला सलाहकार समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। यहां यह उल्लेखनीय है कि आशीष मानाठाकुर सामाजिक कार्यो में अग्रणी समर्पण युवा संगठन अध्यक्ष, भाजपा के विभिन्न पदों का निर्वाह कर चुके हैं। वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष युवाओं के बीच लोकप्रिय है।

नेहरू युवा केन्द्र महानिदेशक नितेश मिश्रा के द्वारा भेजे गये नियुक्ति पत्र में उल्लेख किया गया है कि नेहरू युवा केन्द्र के जिला सलाहकार समिति में आशीष मानाठाकुर युवा विकास से संबंधित विषयों पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करेंगे और उनके प्रदान मार्ग दर्शन युवा के दुष्टिकोण के लिये उपयोगी सिद्ध होगा जो युवा के जीवन को सार्थक दिशा प्रदान करेगा, युवा कार्यक्रमों के भविष्य को आकार देने का अनूठा अवसर प्रदान करेंगा।

जारी नियुक्ति पत्र में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा पिछले वर्ष राष्ट्रीय एकता दिवस पर माय भारत डिजिटल प्लेटफार्म प्रारंभ किया है। यह प्लेटफार्म युवाओं को नई दिशा और नेतृत्व क्षमता प्रदान करने में सहायक है। माय भारत डिजिटल प्लेट फार्म युवाओं को विभिन्न क्षेत्र की स्वयंसेवी संस्थाओं से जोड़ने में सहायक है। इससे युवा वर्ग जुड़ सकें इस प्रकार के प्रयासों को बढाने का काम किया जाना है। जिससे युवा विकासात्मक कार्यो में भाग ले सकें और नेतृत्व कौशल भी विकसित कर सकेंगे । इस प्रकार की गतिविधियों में युवाओं को स्वैच्छिक रूप से जोड़ने के लिये एक सलाहकार के रूप में आशीष मानाठाकुर की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं खेल एवं युवा मामले के केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के महत्वाकांक्षी मिशन को पूरा करने वाली टीम में जिले से आशीष मानाठाकुर के चयन पर जिला भाजप सहित राष्ट्रीय नेतृत्व एवं उनके शुभचिंतको ने उन्हें शुभकामनाएँ दी है। वहीं नेहरू युवा केन्द्र के सलाकार सदस्य नियुक्त होने पर आशीष मानाठाकुर ने भाजपा के समस्त पदाधिकारियों के प्रति आभार प्रगट किया है।

## खरीदी केन्द्र में मनमानी करने वाला पत्रकार को दे रहा है धमकी

### समाचार प्रकाशन के बाद जाँच में पायी गयी अमानक धान

उगली यशोः- केवलारी विकासखण्ड की उपतहसील उगली धान खरीदी केन्द्र में भारी अनमित्ताएँ और मनमानी होने की शिकायत होने के समाचार प्रकाशन करने वाले पत्रकार को धान खरीदी केन्द्र के आपरेटर दिनेश ठाकुर द्वारा धमकी दिये जाने का मामला सामने आया है । पत्रकार को धमी दिये जाने की शिकायत शिकायत पत्राकार ने उगली थाने में की है । प्राप्त जानकारी के अनुसार उगली धान खरीदी केन्द्र में अनियमितता बरती जा रही थी जिसकी जानकारी मिलने पर स्थानीय पत्रकार द्वारा अपने अखबार में समाचार प्रकाशित कराया था इस बात से धान खरीदी केन्द्र में मनमानी करने वाला आपरेटर दिनेश ठाकुर तिलमिला गया और उसके द्वारा पत्रकार को मारने पीटने की धमकी दी गयी । जानकारी के अनुसार आपरेटर दिनेश ठाकरे मनमानी तरीके से धान खरीदी केन्द्र वालों से सांठगांठ कर बाहरी धान खरीदी कर रहा था और व्यापारियों की धान ले रहा था ।

इस तरह की जानकारी अखबारों के माध्यम से उच्चाधिकारियों को हुई तो उगली धान खरीदी केन्द्र की जाँच भी की गयी जहाँ की धान की क्वालटी में कमी पाये जाने पर बड़ी मात्र में जप्ती भी बनायी गयी । जानकारी के अनुसार गली खरीदी केंद्र में तहसीलदार श्री कुवरलाल राऊत, खान पटवारी, गेडाम पटवारी संबंधित कर्मचारी मंडल अध्यक्ष एवं सोसायटी उगली कर्मचारियों की उपस्थिति में 84 बोरे 29 क्विंटल अमानक धान तौल कर जप्ति बनाकर सोसायटी आपरेटर के सुपुर्द की गई है।

बड़ी मात्रा में धान अमानक होने से खरीदी केन्द्र में दलाली कर रहे दिनेश ठाकुर खबर प्रकाशित करने वाले पत्रकार को धमकी देने लगा और मारने पीटने पर उतारू हो गया । भयभीत पत्रकार ने उगली थाने में इस बात की सूचना दे दी है ।

## विधायक दिनेश राय मुनमुन ने व्यासपीठ पर विराजमान संत से लिया आशीर्वाद

### जन आभार यात्रा के अंतर्गत अनेक ग्रामों का किया दौरा



सिवनी यशोः- शुक्रवार 02 फरवरी को सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने भंडारपुर में चल रही भागवत कथा में पहुँचकर व्यासपीठ पर विराजमान कथा वाचक से आशीर्वाद लिया, तथा अनेक ग्रामों का दौरा कर ग्रामीण बंधुओं से मुलाकात किया। विधायक श्री राय आज ग्राम भंडरपुर पहुंचे जहां पर प्रवाहित हो रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ मे स मलित हुए। तथा व्यासपीठ मे विराजमान संत श्री ऋषुराज महाराज जी से चरण छूकर आशीर्वाद प्राप्त किया, एवं महाराज श्री के मुखारविंद धारा प्रवाह भागवत कथा का श्रवण किया। इसके अलावा विधायक श्री राय ने जन आभार यात्रा के तहत आज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम गुंडरई, परासिया, मोहगांव, लामाज्योति, गोबर बैली, थरेली, खमरिया, भंडारपुर, आमाकोला एवं नंदौरा आदि ग्रामों का दौरा कर जनसंपर्क किया। तथा ग्रामीण बंधुओं से चर्चा कर उनकी समस्याओं को सुना। इस अवसर पर ग्रामीणों बंधुओं विधायक श्री राय के ग्राम पहुंचने पर तिलक कर फूलमालाओं से आत्मीय स्वागत किया। यात्रा के दौरान विधायक श्री राय ने ग्राम मोहगांव निवासी बुजुर्ग बुआ जी के निवास पर उनके द्वारा बनाये गये स्वल्पाहार को गृहण कर आशीर्वाद प्राप्त किया।


# समर्थन मूल्य पर खरीदी की आड़ में सरकारी धन पर डाका

### ताखलाकला समिति में डेढ़ करोड़ की धान गायब, अरी थाने में हुई एफ. आई आर, जि मेदारों से हो रही पूछताछ जारी

सिवनी यशोः- ताखला कलाँ सेवा सहकारी समिति से लगभग डेढ़ करोड़ रूपये की 74 सौ क्विंटल धान गायब है । जानकारी मिलने पर समिति प्रबंधक सहित अन्य कर्मचारियों के विरूद्ध एफ आई आर दर्ज करायी गयी है । पुलिस सहित विभागीय अधिकारी जाँच में जुटे हुये है । हालांकि ताखलाकला समिति ने बड़ा चोरी कर ली जो प्रकाश में आ गयी अन्यथा किसानों एवं सरकार को चूना लगाने में अधिकांश सेवा सहकारी समिति कोई कसर नहीं छोड़ रही है और किसानों की उपज समर्थन मूल्य पर खरीदने वाली समिति पर नेताओं का दबाब भी इस कदर है कि वहाँ से हर सक्षम व्यक्ति लूट के लिये प्रयासरत रहता है पिछले दिनों कान्हीवाड़ा क्षेत्र का एक वायरल आडियो भी इसी प्रकार की धांधली को अंजाम देने का प्रयास बताया जा रहा है परंतु जिस समय कान्हीवाड़ा क्षेत्र के नेता ने दबाव बनाया उस समय तक धान खरीदी की तिथि समाप्त हो चुकी थी ।

**74 सौ क्विंटल धान गायब**

ताखलाकला समिति से 74 सौ क्विंटल धान गायब होने से हड़कंप मचा है और इस मामले की बारीक छानबीन कई ऐसे तथ्य उजागर कर सकती है जो चौंकाने वाले हो सकते है । यहाँ बता दें कि पांच साल पहले किसान ऋणमाफी योजना में भी भारी धांधली हुई थी, इसके पूर्व भी अनेक



प्रकार की गड़बड़िया ताखलाकलाँ सेवा सहकारी समिति में हुई है, जिसकी जानकारी होते हुये जिला उपार्जन समिति के सदस्यों ने धान उपार्जन 2023 के लिए इस समिति की अनुशंसा कर अनुबंध करवा दिया था। डेढ़ करोड़ रूपये का धान गायब होने के बाद अब उपार्जन समिति की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। जिस समिति के प्रबंधक और कर्मचारियों पर पहले भी एफआईआर दर्ज हो चुकी है। उसी समिति को धान उपार्जन की जि मेदारी कैसे सौंप दी गई। हालाकि यह मामला सार्वजनिक होने के बाद जिला प्रशासन लापरवाह अधिकारियों की खोज खबर लेने में जुट गया है। कले टर क्षितिज सिंघल ने उपार्जन समिति के सदस्यों को 31 जनवरी को नोटिस जारी कर पूरे प्रकरण पर स्पष्टीकरण मांगा है। हाल ही में ताखलाकला समिति में उपार्जित 7400 क्विंटल धान गायब होने के मामले में अरी पुलिस ने प्रबंधक समिति सहित तीन कर्मचारियों पर एफआईआर दर्ज की है। बाद में यह प्रकरण जांच के लिए बरघाट पुलिस को सौंप दिया गया है।

**जिला सहकारी बैंक महाप्रबंधक एवं सहकारिता उपायुक्त ने खरीदी केन्द्र बनाने के आवेदन को किया था अग्रेषित**

खराब आर्थिक स्थिति बता मांगा था उपार्जन कार्य गौरतलब है कि खरीफ सीजन में ताखलाकला को धान उपार्जन केंद्र बनाने प्रबंधक सत्यनारायण बघेल ने 21 नवंबर 2023 को खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी सिवनी से पत्र के माध्यम से आग्रह किया था। इसमें प्रबंधक ने कहा था कि साल 2019-20 से सेवा सहकारी समिति ने खाद्यान्न उपार्जन का कार्य नहीं किया है, इससे समिति की आर्थिक स्थिति खराब होती जा रही है। इस आधार पर साल 2023-24 में धान उपार्जन केंद्र बनाने की मांग की गई थी, ताकि इससे मिलने वाले कमीशन से समिति का संचालन व विभागीय देयकों का भुगतान हो सके। इस पत्र की प्रतिलिपि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के महाप्रबंधक, सहकारिता विभाग के उपायुक्त को भेजी गई थी। जहां दोनों अधिकारियों ने आवेदन को कार्रवाई हेतु अग्रेषित किया था। खास बात यह है कि ताखलाकला समिति में पूर्व में गबन का मामला सामने आने के बावजूद उपार्जन समिति के अधिकारियों की अनुशंसा पर समिति को धान उपार्जन की बड़ी और महत्वपूर्ण जि मेदारी सौंप दी गई।

## ऋणमाफी योजना में गड़बडी के आरोपी यशवंत को बनाया प्रबंधक

किसान ऋणमाफी योजना में गड़बड़ी करने के मामले में फरवरी 2019 में तत्कालीन कले टर प्रवीण सिंह अढ़ायच के स त आदेश के बाद ताखलाकला सहकारी समिति के प्रबंधक सहित चार कर्मचारियों पर शासन से धोखाधड़ी करने का प्रकरण अरी पुलिस ने दर्ज किया था। चार कर्मचारियों पर धारा 420, 511, 34 भादंवि का मामला दर्ज किया गया था। एक करोड़ रुपये से ज्यादा की गड़बड़ी के मामले में पुलिस ने तत्कालीन प्रशासक आरपी मेहरा के जांच प्रतिवेदन के आधार पर समिति प्रबंधक सत्यनारायण बघेल (50) गुर्रापाठा, लेखापाल यशवंत ठाकुर (35) दुल्हापुर, क प्युटर आपरेटर अनिल लांजेवार (30) सजनवाड़ा व भरत हरदे (25) सजनवाड़ा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। जांच प्रतिवेदन के अनुसार ऋण ना लेने वाले 81 किसानों के नाम पर 26.01 लाख का ऋण दर्शाया गया था। जबकि 160 किसानों के ऋण खाते की राशि 65.47 लाख अधिक दर्शाई गई थी। दो किसान ऐसे भी मिले हैं जिनका रिकार्ड ना होने पर भी उन्हें समिति कर्मचारियों ने ऋणी बना दिया था। गड़बड़ी सामने आने के बाद प्रबंधक सहित तीन कर्मचारियों को समिति प्रशासक ने हटा दिया था। लेकिन अपने रसूख के चलते कुछ कर्मचारियों ने सहकारी समिति का कार्यभार संभाल लिया। हैरानी की बात यह है कि धान घोटाला सामने आने के बाद प्रशासक ने आनन-फानन में प्रबंधन को निर्लंबित कर दो कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है। वहीं किसान ऋणमाफी योजना में गड़बड़ी के आरोपित लेखापाल यशवंत ठाकुर को प्रभारी प्रबंधक का दायित्व सौंप दिया गया है।

## किसान हो रहे परेशान, विभाग दस्तावेज को खंगालने में जुटा

**सेवा सहकारी समिति मर्यादित ताखलाकला में करीब डेढ़ करोड़ के धान घोटाले के मामले में बरघाट पुलिस ने तीन आरोपितों को बुधवार को न्यायालय में पेश किया। आरोपित कंप्यूटर आपरेटर अभिषेक कटरे व दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी शोभाचंद बघेल को जेल भेज दिया गया है। वहीं प्रबंधक सत्यनारायण बघेल को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। बरघाट पुलिस इस प्रकरण में अन्य दो संदिग्धों से भी पूछताछ कर रही है। इधर, डेढ़ करोड़ के धान घोटाले में पुलिस प्राथमिकी दर्ज होने के बाद सेवा सहकारी समिति के प्रशासक एसडी तंतुवाय ने प्रबंधक सत्यनारायण बघेल को निलंबित कर दिया है। साथ ही क प्यूटर आपरेटर अभिषेक कटरे व दैनिक वेतनभोगी कर्मी शोभाचंद बघेल को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। समिति का प्रभारी प्रबंधक यशवंत ठाकुर को बनाया गया है। घोटाले की परतों को खोलने उपार्जन से जुड़े विभागों ने दस्तावेजों को खंगालना शुरू कर दिया है। समिति ने 686 किसानों से 48844 क्विंटल धान खरीदा है। उपार्जित धान गोदाम में जमा नहीं होने से कई किसानों का भुगतान लंबित है, जिनमें आक्रोश है।**

**जबरन नॉलेज**



# बजट में गरीब, महिला, युवा और किसान सहित सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है - मु यमंत्री डॉ. यादव

**मु यमंत्री डॉ. यादव ने सर्वजन हिताय बजट के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी और केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण का माना आभार**

भोपाल । मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश को प्रगति पथ पर अग्रसर करने के प्रयास निरंतर जारी हैं। लेखानुदान के रूप में प्रस्तुत किया गया आज का बजट सर्वहितैषी और सर्वस्पर्शी है। बजट में गरीब, महिला, युवा और किसान सहित सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। देश में जारी विकास और जनकल्याण के कार्यों से 25 करोड़ आबादी गरीबी रेखा से बाहर आयी है, जो बड़ी उपलब्धि है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रयासों से भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था के रूप में परिवर्तित हुआ है। आने वाले समय में हम श्री मोदी जी की मंशा के अनुरूप भारत को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने के संकल्प को साकार करेंगे। अमृतकाल में वर्ष 2047 तक भारत विश्व का प्रथम राष्ट्र होगा। मु यमंत्री डॉ. यादव ने केन्द्रीय बजट पर मुरैना प्रवास के दौरान अपनी प्रतिक्रिया दी।

**डिजिटल इंडिया की संकल्पना से देश बढ़ेगा आगे**

मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश में दो करोड़ लोगों को आवास उपलब्ध कराने की जो कल्पना की गई है, वह अद्भुत है। प्रधानमंत्री श्री मोदी का संकल्प है कि कोई भी घर पक्की छत के बिना न रहे। मध्यम वर्ग के लिए लाई गई नयी आवास योजना भी उपलब्धिपरक है। बजट में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आशा कार्यकर्ता को आयुष्मान योजना का लाभ देने की व्यवस्था की गई है। गरीब परिवारों को इस प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराने की लंबे समय से दरकार थी। डिजिटल इंडिया को प्रोत्साहित करने की दिशा में किए जा रहे कार्य और डिजिटल इंडिया के माध्यम से क्रियान्वित किए जा रहे सुधार कार्यों से भारत बहुत आगे बढ़ेगा। नौ से चौदह वर्ष की बालिकाओं के लिए सर्वाइकल कैंसर वै सीनेशन की सुविधा के लिए केन्द्रीय वित्त मंत्री बधाई की पात्र हैं। आगामी समय में एक करोड़ घरों में रूफ टॉप सोलर प्लांट के अंतर्गत बनाई नई योजना से इन घरों में 300 यूनिट बिजली बचत का मार्ग प्रशस्त होगा। यह ऊर्जा की बचत के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम सिद्ध होगा और हम सबको इसका लाभ मिलेगा।

**मध्यप्रदेश में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं**

मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। पर्यटन क्षेत्र में ब्याज मुक्त दीर्घावधि ऋण देने के निर्णय से पर्यटन का सर्वांगीण विकास होगा। उड़ान योजना में 517 नए रूट पर एयरपोर्ट का निर्माण और विस्तार हवाई यातायात की प्रगति की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा और इससे मध्यप्रदेश में भी हवाई यातायात का विस्तार होगा।

# रामलला प्राण-प्रतिष्ठा के साथ ही भारत के 'स्व' का बल बढ़ा

**सौरभ तामेश्वरी -**



अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा सनातन की आस्था, विश्वास एवं धैर्य का परिणाम रहा है। बीते 500 वर्षों के इतिहास में अयोध्या प्रभु राम के जीवन की भांति ही घटनाक्रम चले, जहां अनेक चुनौतियां आईं। इसके बावजूद सनातनियों की आस्था डिगी नहीं राम में उनका विश्वास और श्रद्धा जो थी। ईसा की दो सदी पहले ग्रीक आक्रमणकारी मिनियांडर से लेकर अंग्रेजों के समय तक अयोध्या में रामजन्मभूमि के लिए लगभग 76 से अधिक युद्धों में रामभक्तों ने सहभागिता की।

इतिहास पर नजर डालें तो ध्यान आएगा अयोध्या में चुनौतियां आयीं तो उनके समाधान के लिए भी राम भक्तों ने स्वयं को बलिदान कर दिया। हाल ही में अयोध्या में बन रहे भव्य श्री राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा हुई। लाखों-करोड़ों हुतात्माओं के त्याग व समर्पण से ही यह सब संभव हुआ। इस हेतु समस्त सनातन एकजुट था। इस मंदिर के लिए गुरु गोविंद सिंह जी ने युद्ध लड़ा तो संत समाज भी तटस्थ रहा और केके मोह मद जैसे लोगों ने इस मंदिर की नींव रखने में योगदान दिया। सब युद्ध और संघर्ष इसी दिवस को देखने के लिए हुए थे।

प्राण-प्रतिष्ठा समारोह से आया वो वीडियो तो आपने देख ही लिया होगा जिसमें मंदिर परिसर से साध्वी ऋतंभरा जी का भावुक हो गईं थीं। वह रामजन्मभूमि आंदोलन से जुड़ी रहीं, अपने जीवित रहते यह दिवस देखकर वह भावविभोर हो गईं। हम और आपमें भी हर्षोल्लास चरम पर था। हमारा सौभाग्य तो देखिये जिस दिवस को देखने के लिए इतने घटनाक्रम हुए उस दिवस को हमने कितनी आसानी से होता देख लिया। अपन सभी ने पूर्व जन्मों में पुण्य कर्म किये होंगे। यह सब हम पर प्रभु राम की ही कृपा है जो उस पल के साक्षी बने। 500 वर्षों से अधिक के समय का परिणाम तो आ ही गया है, निश्चिन्त न हों। अपने ऊपर प्रभु की इस कृपा का लाभ उठाएं।

रामलला प्राण-प्रतिष्ठा का हर्ष मनाएं लेकिन इसे साथ लेकर हम और भी आगे बढ़ें।

बड़े प्रयासों के बाद गुलामी की मानसिकता से बाहर आकर नागरिकों में 'स्व' का गौरव करने का प्रक्रम चला है। निःसंदेह ही अब अपने देश में 'स्व' की ओर बढ़ने के मानस का बल बढ़ा है। रामलला का मंदिर राष्ट्र का मंदिर है, हर जन में इसके लिए भारी उत्साह है।

रामलला के साथ ही भारत का 'स्व' लौटकर वापिस भी आया है। हमें इसे स्वीकर कर भारत के लिए कार्य करना चाहिए। राष्ट्र के वैभव के अनेक स्थल हैं, अब उनकी ओर बढ़ना होगा। इस हेतु हम सभी एकजुट हों, दृढ़ संकल्पित हो एवं अपने गिलहरी योगदान को ध्यान में रखकर कार्य करें। अब हम सभी ने अपने राष्ट्र में रामराज्य स्थापित करने के लिए जुट जाना होगा।

# सत्येंद्र का साहस चुनौतियों से लडने की प्रेरणा देने वाला - इंदापुरकर

**क्रीड़ा भारती ने किया पद्मश्री लोहिया का स मान**

ग्वालियर। ग्वालियर-चंबल की धरती का खेलों के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान बढ़ाने वाले दिव्यांग तैराक सत्येंद्र सिंह लोहिया को रविवार को राष्ट्रोत्थान न्यास भवन में क्रीड़ा भारती ने स मानित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मु य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्य भारत प्रांत के प्रांत कार्यवाह यशवंत इंदापुरकर थे। अध्यक्षता क्रीड़ा भारती के प्रांतीय अध्यक्ष दीपक सचेती ने की। अतिथियों ने श्री लोहिया का रोली, चावल से तिलक किया एवं शॉल एवं श्रीफल भेंट कर स मान किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मु य अतिथि श्री इंदापुरकर ने कहा कि सत्येंद्र लोहिया ने जिस साहस के साथ चुनौतियों का सामना किया है, वह प्रेरणादायक है। उन्हें पद्मश्री मिलना समूचे ग्वालियर-चंबल के लिए गौरव की बात है। क्रीड़ा के क्षेत्र में यह बड़ी उपलब्धि है। हम चाहेंगे कि इस माटी से ऐसी ही और भी प्रतिभाएं आगे आएं इसके लिए श्री लोहिया को यहां के युवाओं को प्रशिक्षण देने का काम करना चाहिए। अध्यक्ष दीपक सचेती ने कहा कि शारीरिक क्षमता से अधिक मानसिक ताकत का महत्व है। इसे सत्येंद्र ने पद्मश्री पाकर साबित कर दिया है। वे भविष्य में इससे भी बड़े कीर्तिमान बनाएं, यह हम सबकी इच्छा है।

**अभिभूत हूं, सदैव योगदान को तैयार - लोहिया**

अपने उद्बोधन में पद्मश्री सत्येंद्र लोहिया ने कहा कि स मान की घोषणा से मैं अभिभूत हूं। उन्होंने कहा कि वे ग्वालियर-चंबल की धरती से हैं इसलिए यहां के युवाओं को प्रोत्साहन एवं प्रशिक्षण देने के लिए सदैव उपलब्ध रहूंगा। उन्होंने कहा कि जो इंसान काम करके आगे बढ़ता है उसे दुनिया पूछती है। इसीलिए अपने कर्म पर भरोसा रखना चाहिए। मैंने भी कर्म किया है इसलिए आज उपलब्धियां मेरे हाथों में हैं। यह स मान एक देहात जैसी छोटी सी जगह से निकले साधारण परिवार को मिला है। उन्होंने कहा कि आगामी लक्ष्य 2026 में होने वाले एशियन गे स में पैरास्विमिंग में स्वर्ण जीतने का है।

**अब तक के स मान -**

भिंड जिले के मेहगांव जनपद के गाता गांव में 6 जुलाई 1987 को जन्मे सत्येंद्र ने पास में ही बहने वाली बेसली नदी में उछल-कूद कर तैराकी सीखी। दोनों पैरों से दिव्यांग लोहिया के पिता गयाराम लोहिया ने खेती की जमीन बेचकर वर्ष 2000 में लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षण महाविद्यालय में प्रवेश दिलाया । इसके बाद लोहिया के कदम आगे बढ़ते गए।

वर्ष 2014 में विक्रम स मान।

वर्ष 2017 में सिडनी में स्वर्ण पदक।

2018 में इंग्लिश चैनल, कैटनील चैनल अमेरिका ,नॉर्थ चैनल, इंग्लिश चैनल टू वे पार किया।

2019 में तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय अवार्ड।

2020 में सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाड़ी।

2024 में पद्मश्री (आगामी मार्च माह में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू प्रदान करेंगी)।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लश्कर जिले के संघचालक प्रहलाद सबनानी, मध्यभारत प्रांत के सह बौद्धिक प्रमुख विजय दीक्षित, ग्वालियर विभाग के विभाग कार्यवाह देवेंद्र गुर्जर, क्रीड़ा भारती के प्रांतीय उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य केके कल्याणकर, विभाग संयोजक डॉ. अविशेष सिंह ,सह-संयोजक गोविंद मल्होत्रा, मंत्री भरत जाजोरिया, सुधीर शर्मा, संजीव गोयल आदि उपस्थित रहे।

# बेटी का गला रेतकर झाड़ियों में फेंका, होश आने पर सड़क पर निकल आई बच्ची

भोपाल। राजधानी के कोहेफिजा इलाके में एक पिता ने अपनी आठ साल की बेटी का चाकू से गला रेत दिया और मरने के लिए उसे सड़क किनारे झाड़ियों में फेंक दिया। कुछ समय बाद बच्ची को होश आया तो वह गला पकड़कर किसी तरह सड़क किनारे तक पहुंची। वहां से गुजर रहे लोगों ने उसे रक्तरंजित देख पुलिस को सूचना दी तो वह मौके पर पहुंची और बच्ची को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया। उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपी पिता को गिर तार कर लिया। हालांकि, गला काटने के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हो पाया है। घटना के बाद से पिता भी कुछ भी नहीं बता रहा है।

एएसआई रामप्रकाश ने बताया कि मूलत- सागर का रहने वाला तेजसिंह लोधी (40) भोपाल के टीला जमालपुरा में किराए से रहता है और शादी पार्टियों में टेंट लगाने का काम करता है। परिवार में पत्नी नेहा के अलावा आठ साल की बच्ची प्रीति लोधी और करीब एक साल का बेटा है। प्रीति उसकी पहली पत्नी की बेटी है, जिसका कोराना काल में निधन हो चुका है, जबकि नेहा लोधी से उसने दूसरी शादी की है, जिससे एक बच्चा है। सोमवार रात करीब नौ बजे तेजसिंह अपनी बेटी प्रीति को मोटर साइकिल से लेकर घर से निकला था। उसने बेटी को बताया था कि बडे पिताजी राजेश लोधी के घर चलना है। राजेश विदिशा रोड पर कहीं रहता है। कोहेफिजा स्थित मिलन शादी हाल के पास तेजसिंह ने अपनी बाइक रोकी और बेटी को नीचे उतारा। उसके बाद प्रीति का मुंह दबाकर वह उसे सड़क से कुछ दूर झाड़ियों के पास लेकर पहुंचा और जेब से चाकू निकालकर गला रेत दिया। उसके बाद बेटी को मरने के लिए झाड़ियों में फेंककर भाग निकला।

**होश आने पर बच्ची खुद पहुंची सड़क किनारे**

रात करीब साढ़े ग्यारह बजे प्रीति को होश आया तो वह अपना गला पकड़ कर झाड़ियों से बाहर निकली लाइट को देखते हुए सड़क किनारे तक पहुंची। राहगीरों की नजर पड़ी तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो बच्ची खून से लथपथ थी और गले पर चाकू के दो गहरे घाव थे। पुलिस ने तत्काल ही उसे इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉ टरों ने करीब 12 टांके लगाकर बहने वाले खून को रोका। बच्चे की गले और सांस की नली नहीं कटी थी, इसलिए वह बोल पा रही थी। पुलिस और डॉ टरों की पूछताछ में बच्ची ने बताया कि उसके पिता तेजसिंह बड़े पिताजी के यहां चलने का बोलकर साथ लाए थे और रास्ते में सुनसान इलाके में गाड़ी रोककर उसका गला काट कर झाड़ियों में फेंक दिया। पुलिस ने रात में ही घेराबंदी कर तेजसिंह को हिरासत में ले लिया था।

पुलिस ने जब तेजसिंह के पूछताछ की तो उसका कहना था कि बच्ची उसे परेशान करती थी।

# स्कूल शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिये 2.50 लाख साइकिलें वितरित

## विद्यार्थियों को मिला स्कूल शिक्षा विभाग का लाभ

भोपाल । प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग ने ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिये पिछले वर्ष चयनित विद्यार्थियों को 2 लाख 50 हजार साइकिलें निःशुल्क वितरित की हैं। ग्रामीण क्षेत्र के चयनित उन विद्यार्थियों को साइकिलें वितरित की गई हैं, जिनके ग्राम में शासकीय हाई स्कूल संचालित नहीं होता है।

इस योजना का लाभ इन विद्यार्थियों को कक्षा-6 अथवा 9 में प्रवेश लेने पर एक ही बार दिया जा रहा है। योजना का लाभ उन छात्राओं को भी दिया जा रहा है, जो कन्या छात्रावास में अध्ययनरत हैं और उन्हें छात्रावास से 2 किलोमीटर या उससे अधिक दूरी पर अध्ययन करने के लिये शासकीय शाला जाना पड़ रहा है।

**शिक्षकों को कार्यमुक्त न करने के निर्देश**

स्कूल शिक्षा विभाग ने जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किये हैं कि प्रदेश के सीएम राइज विद्यालयों से जिन शिक्षकों के स्थानांतरण दिस बर-2023 एवं जनवरी-2024 में ऑनलाइन जारी किये गये हैं, उन्हें कार्यमुक्त न किया जाये। यह निर्णय बोर्ड की परीक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

# जल भराव की समस्या को लेकर महापौर ने निगम अधिकारियों के साथ की बैठक

उज्जैन। महापौर मुकेश टटवाल ने विभिन्न कालोनियों में जल निकासी एवं जल भराव की समस्या का निदान करने को अफसरों से कार्य योजना मांगी है। उन्होंने अफसरों से कहा कि ऐसा प्लान बनाएं कि नाली का पानी कभी सड़क पर न आए। वे वार्ड 17 में प्रेम नगर, प्रीति नगर, रतन एवेन्यू कालोनी का निरीक्षण करने पहुंचे थे।



लोगों ने महापौर को बताया कि कालोनाइजर द्वारा दूषित जल की निकासी का बेहतर इंतजाम न करने से वर्षाकाल में कालोनी में घुटनों तक पानी भरा जाता है। अभी शीतकाल में भी कई नालियां चौक है, खाली प्लाट में पानी भरा हुआ है। इस समस्या का स्थान निदान कराइये।

रहवासियों ने यह भी कहा कि कई लोगों ने नाली पर पक्के ओटले बना लिए हैं, जिससे नाली की सफाई नहीं हो पाती। नालियां चौक होने का ये भी एक कारण है। महापौर ने नालियों पर हुए अतिक्रमण हटवाकर नालियों की सफाई कराने के निर्देश दिए। रहवासियों से अपेक्षा की कि वे इस कार्य में सहयोग करेंगे। निरीक्षण में जोनल अधिकारी जितेन्द्र श्रीवास्तव साथ थे।

महापौर मुकेश टटवाल ने गुरुवार को गऊघाट फिल्टर प्लांट पर उज्जैन स्मार्ट सिटी कंपनी द्वारा लगाए सोलर प्लांट का निरीक्षण किया। सोलर पैनल बंद देख उनका आवश्यक संधारण कार्य कराने के निर्देश दिए। यहां बाउंड्रीवाल का निर्माण करवाने के साथ सुरक्षाकर्मी तैनात करने के निर्देश भी दिए।

बताया कि यहां लगे सोलर प्लांट की वजह से बिजली के बिल में डेढ़ से दो लाख की बचत प्रति माह होती है एवं पैनलों का उचित ढंग से रख रखाव एवं संधारण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य रजत मेहता, कार्यपालक यंत्री एनके. भास्कर, मनोज खरात, राजीव गायकवाड साथ थे।

# अग्निवीर योजना के लिए युवाओं को मिलेगा 360 घंटे का निःशुल्क प्रशिक्षण - मु यमंत्री डॉ. यादव

**नदी से नदी जोड़कर बहेगी विकास की धारा**

**चंबल की धरती ने बढ़ाया सनातन संस्कृति का मान-स मान**

**45 लाख 59 हजार लाड़ली बहनों को उज्जवला योजना की 118 करोड रुपए की अनुदान राशि का अंतरण**

**रिकार्ड 7 लाख से ज्यादा युवाओं को स्वरोजगार के लिए मिला 5 हजार करोड़ से अधिक का ऋण**

**मुरैना में रोजगार दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय रोजगार दिवस समारोह**

भोपाल । प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं को देशभक्ति के लिए प्रेरित करने और सेना में नई ऊर्जा लाने के लिए शुरू की गई अग्निवीर योजना में प्रदेश के युवाओं को चयनित कराने के लिए प्रति बैच 360 घंटे का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह बात मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुरैना में रोजगार दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय रोजगार दिवस समारोह में कही। मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रशिक्षण में युवाओं को गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान और सामान्य अध्ययन जैसे विषयों की कोचिंग दी जाएगी। इससे युवाओं को अग्निवीर योजना में चयन में मदद मिलेगी। अग्निवीर सहित शासन की विभिन्न योजनाओं से मिले रोजगार और स्वरोजगार से युवाओं के जीवन में नव सुख जीवन का सूरज उदय होगा।

**नदी से नदी जोड़कर बहेगी विकास की धारा**

मु यमंत्री डॉ यादव ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा शुरू की गई महत्वाकांक्षी योजना नदी जोड़ो परियोजना का जिक्र करते हुए बताया कि नदी से नदी को जोड़कर गांव-गांव तक विकास की धारा बहाने के लिए इस योजना की शुरुआत की गई थी। मध्य प्रदेश और राजस्थान को भी इस परियोजना का लाभ मिलना था लेकिन पिछली सरकारों ने इसे लागू नहीं किया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश और राजस्थान द्वारा संयुक्त रूप से पार्वती, काली सिंध, और चंबल नदी को जोड़ने का महाअभियान प्रारंभ हुआ हैं। प्रदेश के 12 और राजस्थान के 13 जिलों का विकास इस परियोजना के तहत होगा। किसानों को पीने और सिंचाई का पानी उपलब्ध होगा। इससे क्षेत्र में विकास होगा और समृद्धि आएगी।

**किसानों को 56 करोड़ लौटाएंगे और नई फै ट्री लगवाएंगे**

मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसानों और मजदूरों को उनका हक मिलेगा। मुरैना में बंद पड़ी शुगर फै ट्री के संदर्भ में उन्होने कहा कि किसानों का 56 करोड़ बकाया उन्हें लौटाया जायेगा। नई फै ट्री लगवाएंगे। इसी तरह जैसे जेसी मिल्स ग्वालियर का पैसा भी मजदूरों को लौटाएंगे। किसानों और मजदूरों को कोई परेशान करे यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छत्तीसगढ़ में हुए ने सली हमले में भिंड के सीआरपीएफ के जवान श्री पवन भदौरिया के कर्तव्य की बलिवेदी पर बलिदान पर श्रद्धापूर्वक नमन किया। उन्होंने कहा कि जान की बाजी लगाकर जो शूरवीर धरती मां को गौरवान्वित करते है वह समूची संस्कृति में पूजे जाते हैं। उनके बलिदान को जीवन भर स्मरण किया जाएगा।

**चंबल की धरती ने बढ़ाया सनातन संस्कृति का मान-स मान**

मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा की भारतीय सनातन संस्कृति लगातार आगे बढ़ने की संस्कृति है। सर्वे भवन्तु सुखिनः - सर्वे सन्तु निरामयाः की भावना के साथ सबका कल्याण चाहते हुए अपने परिवार, कुटुंब और देश को आगे बढ़ने का संस्कार हमारी संस्कृति में है। कुटुंब परंपरा का पालन करते हुए अपनी जरूरत और सपना पूरा करने के साथ ही कुछ बचत भी हम रखते हैं। इसी कारण से हम दुनिया, हर काल में, हर युग में समृद्ध हैं, सुसंस्कृत है और सभी को सुखी संपन्न दिखाई देते है। इसी संस्कृति की महानता के कारण हम कई विदेशी आक्रांताओं की आंखों में खटकते रहे हैं। इतिहास में जब मौका मिला विदेशी आक्रांता हमे लूटने आए। लेकिन इस बात का गर्व है की चंबल के वीर बहादुर सिपाहियों के बलबूते पर हजारों वर्षों से हर काल में और हर युग में हर बार हमने मुंह तोड़ जवाब दिया। कभी झुके नहीं, कभी रुके नहीं, कोई बाधा हमें रोक नहीं सकी। जब भी मौका मिला है चंबल की धरती ने सनातन संस्कृति का मान और स मान बढ़ाया है।

विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि रोजगार दिवस के अवसर पर प्रदेश के युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का यह कार्यक्रम अनुकरणीय है। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं के जीवन में नया सवेरा होगा। अध्यक्ष श्री तोमर ने कार्यक्रम के लाभार्थी नौजवानों को बधाई दी और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

मु यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की रोजगार की गारंटी को पूरा करने की शुरुआत की। मु यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के 7 लाख से अधिक युवाओं को एक दिन में 5151 करोड़ 18 लाख 90 हजार रूपए की ऋण राशि के स्वीकृति पत्र प्रतीकात्मक रूप से प्रदान किया। यह अवसर अभूतपूर्व है जब एक दिन में 7 लाख लोगों के हाथों को काम मिला।

मु यमंत्री डॉ. यादव ने मुरैना में 88 करोड़ 79 लाख रुपए की लागत के 53 विकास कार्यों का वर्चुअल लोकार्पण एवं पूजन किया। जिसमें अंबा विकासखंड में थरा में 6 करोड़ 52 लाख रुपए, कमतरी में 6 करोड़ 29 लाख रुपए, विकासखंड पोरसा में रठा में 53 लाख रुपए, कसरंडा में 87 लाख रुपए, विकासखंड मुरैना में बंधा में 1 करोड़ 41 लाख रुपए, जैतपुर चंबल में 81 लाख रुपए, हिगोनाकला में 2 करोड़ 75 लाख रुपए, हिगोनाखुर्द में 2 करोड़ 12 लाख रुपए, जतावर में 2 करोड़ 24 लाख रुपए, कैथोडा में 2 करोड़ 89 लाख रुपए, खेदा मेवदा में 4 करोड़ 15 लाख रुपए, पिपरसेवा में 1 करोड़ 28 लाख रुपए, देवरी में 76 लाख रुपए, गलेथा में 3 करोड़ 53 लाख रुपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

मु यमंत्री डॉ. यादव ने 45 लाख 59 हजार लाड़ली बहनों के खाते में उज्जवला योजना और गैर उज्जवला योजना के अंतर्गत सितंबर और अे टूबर माह की 118 करोड रुपए की अनुदान राशि का सिंगल लिक के माध्यम से अंतरण किया गया।

कार्यक्रम में केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं में युवाओं को स्वरोजगार स्थापना के लिए ऋण दिलवाया गया। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में सर्वाधिक 6 लाख 32 हजार 574 युवाओं को 4510 करोड़ से अधिक का ऋण वितरित किया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के 13 हजार 812 समूहों को 380 करोड़ 71 लाख, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में 67 हजार 166 हितग्राहियों को 113 करोड़ 44 लाख, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में 943 व्यक्तियों को 12 करोड़ 87 लाख से अधिक, 79 समूह को एक करोड़ 77 लाख तथा 689 समूहों को क्रेडिट लिंकेज में 13 करोड़ 47 लाख 91 हजार रूपये की वित्तीय सहायता दी गई। इसी तरह प्रधानमंत्री सृजन कार्यक्रम में 905 व्यक्तियों को 56 करोड़ 60 लाख, मु यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में 802 युवाओं को 54 करोड़ 44 लाख, संत रविदास स्वरोजगार योजना में 62 को 2 करोड़ 41 लाख 36 हजार, डॉ. अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना में 65 को 13 लाख 35 हजार, सावित्री बाई फुले सहायता योजना में 18 युवाओं को 97 लाख 5 हजार, भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना में 61 को 2 करोड़ 12 लाख 4 हजार, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना में 93 को 43 लाख 73 हजार, मु यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसं यक उद्यम तथा स्वरोजगार योजना में 27 युवाओं को एक करोड़ 16 लाख 70 हजार और मु यमंत्री विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु स्वरोजगार योजना में 9 व्यक्तियों को 5 लाख 89 हजार का ऋण प्रदाय किया गया।

मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शासन की विभिन्न योजनाएं की लाभार्थी हितग्राहियों से संवाद किया। मु यमंत्री डॉ. यादव ने छतरपुर की श्रीमती राजकुमारी अहिरवार, अनूपपुर की सुश्री ज्ञानवती सिंह श्याम, बड़वानी की श्रीमती योगिता पाटीदार और दमोह की श्रीमती पूजा यादव से संवाद किया। मु यमंत्री डॉ. यादव ने योजना का लाभ लेकर रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उत्पन्न करने के लिए धन्यवाद दिया और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। मु यमंत्री डॉ. यादव ने शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत विभिन्न हितग्राहियों को प्रतीकात्मक हितलाभ का भी वितरण किया

कार्यक्रम में रोजगार दिवस पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। फिल्म में प्रधानमंत्री श्री मोदी के निर्देशन में प्रदेश के युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों को रेखांकित किया गया।

नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शु ला, किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री ऐदल सिंह कंषाना, सचिव सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम श्री पी. नरहरि सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी सं या में नागरिक उपस्थित थे।

## गेहूं उपार्जन हेतु 5 फरवरी से 1 मार्च तक होगा पंजीयन

सिवनी यशो:- रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु 5 फरवरी से 1 मार्च 2024 तक 36 सहकारी समितियों, एम.पी. ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेन्टर एवं किसान ऐप के माध्यम से किसान पंजीयन कराया जायेगा। किसान पंजीयन का कार्य करने हेतु उपार्जन की वेबसाईट www.mpeuparjan.nic.in में जाकर रबी विपणन वर्ष 2024-25 में शासन से लिंक प्राप्त होने के उपरांत कियोस्क के संचालक उपार्जन पोर्टल पर निर्धारित जानकारी के साथ सर्टिफिकेट अपलोड करना अनिवार्य है, जिसके तहत् कियोस्क सेन्टर को किसान पंजीयन का कार्य दिया जा सकेगा। किसानों से पंजीयन केन्द्रों में निर्धारित समयावधि में गेहूं का पंजीयन कराने की अपील की गई है।

## 8 फरवरी को होगा निर्वाचन नामावली का अंतिम प्रकाशन

**आयोग द्वारा नियुक्त रोल प्रेक्षक श्री जॉन किंग्सली ने राजनीतिक दलों के साथ कि बैठक**

बालाघाट । भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बालाघाट जिले के लिए रोल प्रेक्षक श्री जॉन किंग्सली को नियुक्त किया गया है। रोल प्रेक्षक द्वारा शुक्रवार को कले टर सभागृह में राजनीतिक दलों व रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ द्वितीय बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने अब तक किये गए कार्यो की जानकारी लेते हुए राजनीतिक दलों से भी जानकारी प्राप्त की। रोल प्रेक्षक श्री किंग्सली ने नाम काटने व जोड़ने की कार्यवाही पूर्ण करने और प्राप्त शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों से कहा कि वे सभी अपनी-अपनी लॉगिन आईडी चैक कर दावे आपत्तियां पूर्ण करें। ज्ञात हो कि 20 दिस बर से नामावली में विसंगतियों को दूर करने के लिए कार्य प्रार भ हुआ था। 6 जनवरी को मतदाता सूची के एकीकृत प्रारूप का प्रकाशन किया गया था। 22 जनवरी तक दावे एवं आपत्तियां आमंत्रित की गई थी। अब 8 फरवरी को निर्वाचन नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। बैठक में आरओ वारासिवनी सुश्री पकामिनी ठाकुर, परसवाड़ा आरओ श्री सुधाकर सिंह बघेल, संयुक्त कले टर श्री राजीव रंजन पांडेय, कांग्रेस के शहर अध्यक्ष श्री श्याम पंजवानी, आप के जिला अध्यक्ष श्री अरविंद चौधरी, भाजपा के संजय खंडेलवाल व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# छपारा विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर कले टर ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

सिवनी यशो:- विभागीय योजनाओं की मैदानी स्तर पर क्रियान्वयन तथा आमजनों को पात्र योजनाओं के त्वरित लाभ दिलाये जाने के उद्देश्य से कले टर श्री क्षितिज सिंघल द्वारा ग्रामवार निरीक्षण कर जनसमस्याओं को सुना जा रहा है तथा मौके में उपस्थिति मैदानी अमले को आवश्यक दिशा निर्देश देकर पात्र हितग्राहियों को त्वरित रूप से लाभांवित करने के कार्य किये जा रहे हैं।



इसी क्रम में कले टर श्री क्षितिज सिंघल शुक्रवार 02 फरवरी को छपारा विकासखण्ड के ग्राम खमरिया, चमारीखुर्द, नांदिया सहित अन्य ग्रामों में जनसमस्या शिविर लगाकर ग्रामीणजनों की समस्याओं को सुना। उन्होंने ग्रामीणों की बिजली, पानी, पेयजल आपूर्ति, पेंशन, राशन वितरण तथा नामांतरण, अविवादित बटवारा जैसी राजस्व संबंधी समस्याओं को सुनकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओ के त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी ग्राम का पात्र हितग्राही पात्रतानुसार योजना के लाभ से वंचित न रहे, यह सुनिश्चित किया जाए। विभागीय अधिकारी अपने स्तर पर सर्वे कर हितग्राहियों को पात्रतानुसार योजनाओं से लाभांवित करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी लखनादौन श्री हिमांशु जैन सहित सहित विभागों के अन्य मैदानी अमले की उपस्थिति रही।

## हाई सि यूरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगवाने के लिए करें ऑनलाईन आवेदन

सिवनी यशो:- परिवहन अधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि उच्च न्यायालय के निर्देश पर 1 अप्रैल 2019 के पहले रजिस्टर्ड सभी वाहनों में सि योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट (एचएसआरपी) लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। बगैर हाई सि योरिटी नंबर प्लेट के चलने वाले वाहन और वाहन मालिकों के खिलाफ अभियान चलाकर चालानी और दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

हाई सि योरिटी नंबर प्लेट में आसानी से और साफ नंबर दिखाई देगा, नंबर प्लेट पंच होने से आसानी कोई बदल नहीं सकेगा। नंबर प्लेट से वाहन और वाहन मालिक की जानकारी आसानी से मिल जाएगी। डुप्लीकेट नंबर प्लेट नहीं बन पाती। वाहन सुरक्षित रहता है। नंबर प्लेट के ऊपर बाई और नीले रंग का होलोग्राम होता है, जिसके नीचे 10 अंक की स्थायी पहचान सं या पिन की जाती है, जिसे स्कैन करते ही वाहन की पूरी जानकारी मिल जाती है। साथ ही पंजीकृत नंबरों पर हॉट स्टेप फिल्म लगी होती है जिसमें नीले रंग में शॉर्ट इंडिया लिखा होता है।

जिला परिवहन अधिकारी सिवनी श्री देवेश बाथम ने बताया कि आमजन हाई सि यूरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगवाने के लिए https://bookmyhsrp.com पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

## रोजगार- स्वरोजगार दिवस कार्यक्रम में 17 करोड़ 13 लाख रूपये अधिक के स्वीकृति पत्र वितरित किए गए




सिवनी यशो:- म.प्र. शासन के निर्देशानुसार जिले में विगत 01 फरवरी 2024 को रोजगार/स्वरोजगार दिवस कार्यक्रम जनपद पंचायत कार्यालय सिवनी में आयोजित हुआ। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों के हस्ते विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण/भूमिपूजन किए गए।

रोजगार/स्वरोजगार दिवस कार्यक्रम में स्वरोजगर करने के इच्छुक युवक-युवतियों को विभिन्न विभागों द्वारा संचालित हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी दी गयी ताकि अधिक से अधिक उद्योग स्थापित कर रोजगार उपलब्ध हो सके। रोजगार /स्वरोजगार दिवस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित हितग्राही मूलक योजनाओं के 1288 प्रकरणो के कुल राशि 17 करोड़ 13 लाख 72 हजार रूपये के पात्र हितग्रहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर श्री आर. एस. उईके, महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी, जिला रोजगार अधिकारी श्री विनोद सदाफल एवं अन्य विभागों के अधिकारी /कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## इंडिया गठबंधन के साथ दुश्मनों जैसा व्यवहार प्रजातंत्र के खिलाफ -भाकपा

सिवनी यशो:- स्वस्थ प्रजातंत्र वादी व्यवस्था में दो से अधिक राजनीतिक पार्टियों होती है जो अपनी- अपनी विचारधारा के अनुसार चुनाव मैदान में उतरती हैं और अधिक से अधिक सीट हासिल करती हैं इस चुनावी दौर में कोई पार्टी हारती है और कोई पार्टी विजय हासिल करती है इस चुनावी प्रतियोगिता में जो पार्टी ज्यादा उमीदवार के साथ विजय हासिल करती हैं, वेही पार्टियां अपनी सरकार बनती हैं और अपने प्रधानमंत्री का बहुमत के आधार पर चुनाव करती है यह प्रजातंत्र की स्वस्थ परंपरा है परंतु वर्तमान समय में मिस्टर मोदी के रहते हुए यह स्वस्थ परंपरा छिन्न भिन्न हो रही है और फासीवादी सांप्रदायिक ढंग से अधिनायक वादी ढंग से किसी भी राज्य में अपने व्यक्ति को थोंपने की जबरन कोशिश की जा रही है इसका जीता जागता उदाहरण झारखंड के मु यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेज कर उनके स्थान पर प्रस्तावित चंपई सोरेन को मु यमंत्री की शपथ नहीं दिलाई गई जबकि सर्वस मति से झारखंड के लिए मु यमंत्री के लिए राजभवन नाम भेजा गया था परंतु राज्यपाल महोदय ने पक्षपात करते हुए उन्हें मु यमंत्री की शपथ नहीं दिलाई जबकि बिहार में नीतीश कुमार के मु यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद तत्काल फिर से नीतीश कुमार को मु यमंत्री की शपथ दिलाई गई थी यह इसीलिए हुओ योंकि नीतीश कुमार पाली बदलकर एनडीए के मु यमंत्री बने थे परंतु चंपई सोरेन इंडिया गठबंधन की ओर से उमीदवार हैं यह बहुत ही अफसोस जनक घटनाक्रम है जो प्रजातंत्र के लिए मोदी कल में एक काला धब्बा है

## जंगल में करेंट फैलाने वाला आरोपी गिर तार, करेंट लगने से 2 लोगो की हुई थी मौत

उगली यशो:- उगली पुलिस थाना के अंतर्गत ग्राम बनाथर में गांव के पीछे जंगल में जंगली जानवरों के शिकार करने के लिए बिजली करंट लगाया गया था। जिसकी चपेट में आने से दो युवक नवीन धुर्वे और पवन कुमार वरकड़े की मृत्यु हो गई थी। जिस पर थाना उगली में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया था। विवेचना के दौरान प्रकरण का संदेही लक्ष्मण धुर्वे फरार हो गया था। पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस केवलारी के मार्गदर्शन में अज्ञात आरोपी एवं संदेह की तलाश की जा रही थी। पता चला की संदिग्ध लक्ष्मण पिता प्यारेलाल धुर्वे जिला छिंदवाड़ा के थाना चांद अंतर्गत ग्राम बतरी में मजदूरी कार्य कर रहा है। जिसके बाद थाना उगली पुलिस टीम ने संदेही को जिला छिंदवाड़ा थाना चांद अंतर्गत ग्राम बतरी से गिर तार कर किया है।और आरोपी से घटना में उपयोग किये गये, जी आई तार एवं बांस की खूटियां जप्त किया है। इस कार्यवाही मे थाना प्रभारी उगली सदानंद गोदेवार, सहायक उपनिरीक्षक.सी. एल. सिंगमारे, आरक्षक दीपक कांवरे, गणेश हनवत सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## प्राथमिक शालाओं में 09 फरवरी को होगा एफएलएन मेले का आयोजन

सिवनी यशो:- जिला परियोजना समन्वयक सिवनी द्वारा बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक प्राथमिक शालाओं में 09 फरवरी 2024 को एफएलएन मेला का द्वितीय चरण आयोजित किया जायेगा।जिसकी जानकारी जिले के समस्त शिक्षकों, जनशिक्षकों, बीएसी, बीआरसीसी,एपीसी, डीपीसी, एवं डाइट अकादमिक स्टाफ को उनमुखीकरण यू-ट्यूब लाइव के द्वारा दी जा चुकी है।

इसी तरह पुन: 03 फरवरी 2024 को दोप. 12 बजे से जिले के समस्त जनशिक्षकों का उन्मुखीकरण डाइट केवलारी में आयोजित जायेगा। आयोजित होने वाले एफएलएन मेले में देवेन्द्र प्रजापति द्वारा 09 फरवरी 2024 को प्रशिक्षण दिया जावेगा। मेले में प्रत्येक विद्यालय में अभिभावकों की उपस्थिति हेतु बेवलिंक के माध्यम से अभिभावक समूह का निमाण किया जायेगा। मेले में सहभागिता कर गतिविधियों का अवलोकन एवं बच्चों का उत्साहवर्धन हेतु समीपस्थ विद्यालय में उपस्थित होने हेतु समस्त जनप्रतिनिधियों से अपील की जाती है।

## सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा शिविर

सिवनी यशो:- नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. रुचिका यदु के नेतृत्व में दिनांक 1 फरवरी 2024 से 7 फरवरी 2024 तक गोद ग्राम बींझावाड़ा में लगाया जा रहा है। महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी प्रोफेसर पन्नालाल सनोड़िया जी के कर कमलों द्वारा शिविर का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्पार्पण कर तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात सनोड़िया जी द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना ध्वज फहरा कर शिविर का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उनके द्वारा शिविरस्थल पर वृक्षारोपण किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं द्वारा गोद ग्राम बिंझावाड़ा में मतदाता जागरूकता, नशा मुक्ति, स्वच्छता जागरूकता, महिला स्वास्थ्य जागरूकता एवं एड्स जागरूकता परियोजनाओं पर कार्य किया जाएगा। महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना सह प्रभारी डॉ. शेषराव नवांगे द्वारा स्वयंसेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े हुए कर्तव्य एवं समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वाह करने हेतु जागृत किया गया।

## किसान संघर्ष समिति ने शहीद राजेश राय को याद किया

सिवनी यशो:- मातृधाम चौक श्री रामजानकी मंदिर के पास स्थित किसान संघर्ष समिति के जिला कार्यालय में आज 1-2-2024 दिन गुरुवार को शहीद राजेश राय जी को याद किया गया उनके वृत चित्र पर माल्यार्पण कर धूप ,दीप प्रज्वलित किया गया एवं एक मिनिट का मौन रखा गया।डा राजकुमार सनोडिया ने शहीद राजेश राय जी की जीवनी पर प्रकाश डाला एवं उन्होंने बताया कि उनके द्वारा प्रति वर्ष शहीद राजेश राय जी को याद किया जाता है एवं उनकी याद में 10 वीं एवं बारहवीं में प्रथम,द्वितीय,तृतीय स्थान पर आने वाले बालक ,बालिकाओं एवं गुरुजनों को भी स मानित किया जाता है साथ ही विविध कार्यक्रम भी होते रहे हैं।और आगे भी होते रहेंगे।इस कार्यक्रम में सर्व श्री विश्राम सनोडिया,तीरथ प्रसाद सनोड़िया युवा अध्यक्ष ,इमरत सनोड़िया,प्रध्युम कुमार,श्री मति नान्ही बाई,श्रीमति राजकुमारी बाई,श्री मति संतोषी बाई ,श्री मति पिंकी बाई ,संतोष ,भरोसा ,नागेश ,सियाराम सहित अन्य लोगों की उपस्थिति सराहनीय रही।

## सरकारी भूमि पर खुलेआम अतिक्रमण

सिवनी यशो:- नगर के भैरोगंज स्थित सूर्यवंश कॉलोनी में कतिपय पर लोगों द्वारा कॉलोनी के सरकारी भूमि पर खुलेआम अतिक्रमण कर लिया गया है जिससे क्षेत्र वीडियो में खासा आक्रोश व्याप्त है इस मामले को लेकर नागरिकों ने अधिकारी से भी शिकायत की है।

नागरिकों ने बताया कि भैरोगंज के सूर्यवंशी कॉलोनी में खेलकूद के लिए छोड़े गए उक्त मैदान में कुछ कतिपय लोगों द्वारा रात में बांस-बल्ली लगाकर अतिक्रमण कर लिया गया है। नागरिकों ने बताया कि जिस जगह पर अतिक्रमण किया गया है उसकी फोटो व वीडियो बनाकर अधिकारी को देते हुए यहां हुए अतिक्रमण के विषय में भी अवगत करा दिया गया है लेकिन इन सबके बावजूद भी अधिकारी मौन हैं।

## चमारी क्षेत्र पहुंच सिवनी कले टर ने सुनी लोगों की जन समस्याएं

छपारा यशो:- जनपद क्षेत्र अंतर्गत आने वाले चमारी खुर्द क्षेत्र में पहुंचे सिवनी कले टर क्षितिज सिंघल ने आम लोगों की समस्या सुनी। बताया जाता है कि शुक्रवार दोपहर 3बजे के आसपास जिला कले टर क्षितिज सिंघल छपारा जनपद क्षेत्र के चमारी क्षेत्र के विभिन्न ग्राम नंदिया,इमलिया डांगावानी पहुंच कर जन स पर्क के दौरान ग्रामीणों की समस्याएं सुनी,आमजनों को राहत पहुँचाने हेतु सभी उपस्थित अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश साथ ही मौके पर ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदनो पर आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर निराकृत करने हेतु किया निर्देशित।



वही सभी आवेदकों ने अपनी अपनी समस्याएं एक एक कर कले टर के समक्ष रखी,सभी आवेदकों की समस्याओं को उन्होंने पूरी गंभीरता व विनम्रता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

वही चमारी क्षेत्र के बड़ी सं या में किसानों ने कले टर क्षितिज सिंगल के सामने मांग रखते हुए कहा कि पूर्व में चमारी में ही गेहूं खरीदी केंद्र था विगत दो वर्षों से वह बंद कर दिया गया है जिससे आसपास के क्षेत्र के सभी किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है अतः गेहूं की खरीदी केंद्र पुनः चमारी खुर्द में खुल जाय तो यहां को यहां के किसानों को काफी सुविधा हो जाएगी साथ चमारी उप स्वास्थ्य केंद्र में डॉ टरों की व्यवस्था, इसके अलावा क्षेत्र में बिजली कि समस्या को लेकर भी चर्चा की गई जिस पर उन्होंने आश्वासन दिया किया जो संभव हो सकता है उसे कार्य को प्रशासनिक स्तर पर किया जाएगा।

## मंत्री संपतिया उइके ने 48 महिला स्व-सहायता समूहों को प्रदान किये 1 करोड़ 55 लाख रूपये के ऋण स्वीकृति पत्र

भोपाल । लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला डिंडोरी उन्नति प्रशिक्षण केंद्र सीएमटीसी डिंडोरी में आयोजित जिला स्तरीय समस्त विकासखंड संकुल स्तरीय संगठनो के पदाधिकारियों और बैंक सखी, समता सखी, कृषि सखी, पशु सखी से चर्चा की और 48 स्व-सहायता समूहों को 1 करोड़ 55 लाख रूपये का ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किया।



श्रीमती उइके ने सहायता समूहों की गतिविधियों पर चर्चा कर महिला सदस्यों को प्रोत्साहित किया। कले टर श्री विकास मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री अखिल पटेल, आजीविका मिशन जिला इकाई से जिला परियोजना प्रबंधक श्रीमती मीना परते जिला और विकासखंड इकाई की समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पारंपरिक कारीगरों तक पहुंचे आधुनिक तकनीक युक्त व्यावसायिक शिक्षा- उच्च शिक्षा मंत्री

**व्यावसायिक शिक्षा का भारतीय ज्ञान पर परा के साथ तालमेल आवश्यक**

**÷व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण के परिप्रेक्ष्य और प्रथाएं÷ विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ**

भोपाल । भारतीय पारंपरिक कौशल को आधुनिक तकनीक के अनुप्रयोग एवं व्यावसायिक पद्धति के साथ नवीन आयाम देने की आवश्यकता है। गांव के कारीगरों के पास परंपरागत प्रतिभा है, लेकिन तकनीक तथा व्?यावसायिक कौशल के अभाव में काम की तुलना में उनकी आमदनी कम होती है। उन कारीगरों को व्?यावसायिक प्रशिक्षण के माध्यम से उनके कार्य में तकनीक को शामिल करें, जिससे वे अपनी पारंपरिक प्रतिभा के अनुरूप लाभ प्राप्त कर सकें। यह बात उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने गुरुवार को पं. सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान (पीएसएससीआईवीई) भोपाल के निनाद सभागार में ÷व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण के परिप्रेक्ष्य एवं प्रथाएं÷ विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के शुभारंभ अवसर पर कही।



उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार ने कहा कि व्यवसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम, केवल अध्यापन तक सीमित न होकर मानव जीवन को बेहतर बनाने की दिशामूलक हो जिससे लोगों की प्रगति और जीविकोपार्जन के लिए बेहतर स्त्रोत उपलब्ध हो सकें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप व्यावसायिक शिक्षा के साथ भारतीय ज्ञान पर परा के सामंजस्य और तालमेल के लिए अपने कला, पारंपरिक कौशल और प्रतिभा को गर्व के भाव के साथ प्रसारित करने की आवश्यकता है। श्री परमार ने प्रधानमंत्री श्री मोदी की विकसित भारत की संकल्पना अनुरूप युवा पीढ़ी को विभिन्न क्षेत्रों में उन्नति और सफलता की दिशा में व्यावसायिक शिक्षा के महत्वपूर्ण योगदान की आवश्यकता की बात कही।

उच्च शिक्षा मंत्री मंत्री श्री परमार ने शोधार्थियों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों पर संकलित पुस्तिका का विमोचन किया। संस्थान परिसर में आयोजित कौशल आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस दौरान श्री परमार ने परंपरागत कौशल ÷माटीकला÷ के संवर्धन के लिए स्वयं मिट्टी के दीपक बनाने का प्रत्यक्ष प्रायोगिक प्रयास कर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार परंपरागत कौशल को बढ़ावा देने का संदेश दिया।

**छात्रों के लिए चार दिवसीय बूटकैंप एवं कौशल प्रदर्शनी**

प्रो. विनय स्वरूप मेहरोत्रा ने बताया कि इस संगोष्ठी के दौरान शोधार्थियों द्वारा विभिन्न थीम पर लगभग 80 शोधपत्र प्रस्तुत किए जा रहे हैं, जिसमें पाठ्यचर्या में उभरती प्रौद्योगिकियों का एकीकरण, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में व्?यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण में उभरते रुझान, उद्यमिता विकास और लघु व्यवसाय प्रबंधन, समावेशी शिक्षा और विविध कार्यबल, योग्यता-आधारित मूल्यांकन और व्यावसायिक शिक्षा में तकनीकी प्रगति, एनसीएफ-2023 के अनुसार स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा का एकीकरण, व्?यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण में सर्वोत्तम अ यास, हरित कौशल और सतत अ यास, व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण में डिजिटल कौशल थीम शामिल हैं। प्रो. मेहरोत्रा बताया कि राष्ट्रीय संगोष्ठी के साथ संस्थान में चार दिवसीय ड्रोन प्रौद्योगिकी में नवाचार, इने यूबेशन और उद्यमिता जागरुकता निर्माण को लेकर स्कूली छात्रों के लिए एक बूटकैंप का शुभारंभ किया गया, जिमसें ड्रोन का परिचय, हैंड्स-ऑन ड्रोन पायलटिंग, ड्रोन रखरखाव, ड्रोन बिल्डिंग चैलेंज, ड्रोन रेसिंग प्रतियोगिता जैसी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है।संस्थान परिसर में कौशल आधारित विभिन्न प्रदर्शनी भी लगाई गई है, जिसमें मिट्टी से बर्तन, जूट से वस्?तु निर्माण, 3डी प्रिंटिंग, ड्रोन तकनीक, रोबोटि स, हस्त कसीदाकारी, गोबर से वस्तु निर्माण जैसे कौशल का प्रदर्शन तथा स्कूलों बच्चों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

संस्थान के संयु ?त निदेशक डॉ. दीपक पालीवाल ने संस्?थान के कार्यों और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर चाणे य विश्वविद्यालय बेंगलुरु के कुल सचिव डॉ. संदीप नायर, जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ टे नोलॉजी एंड मैनेजमेंट ग्रेटर नोएडा के निदेशक डॉ. मानस कुमार मिश्रा, क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान भोपाल के प्राचार्य प्रो. जयदीप मंडल सहित व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल के क्षेत्र में कार्यरत विशेषज्ञ, प्राध्यापक गण और शोधार्थी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। संगोष्?ठी समन्वयक प्रो. सौरभ प्रकाश ने आभार व्यक्त किया।

## चिहिन्त मामले में हत्या करने वाले आरोपीगण को आजीवन कारावास एवं जुर्माना

मंडला यशोः- माननीय पंचम अपर सत्र न्यायाधीश जिला मण्डला द्वारा आरोपी मोतीलाल बरकड़े पिता स्व. देवसिंह बरकड़े आयु 36 वर्ष एवं आरोपी खेतूलाल उर्फ खेलूसिंह बरकड़े पिता देवलाल वरकड़े आयु 25 वर्ष दोनी निवासी ग्राम पातादेई थाना मोहगांव जिला मंडला को धारा 302 भादवि (तीन काउण्ट्स) तथा धारा 302 सहपठित धारा 34 भादवि (तीन काउण्ट्स) तथा धारा 201 भादवि में आरोपीगण को आजीवन कारावास एवं कुल 3200 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन कहानी संक्षिप्त में इस प्रकार है, कि फरियादी ने इस आशय की रिपोर्ट थाना मोहगांव जिला मंडला में लेखबद्ध कराई कि वह ग्राम पातादेई में रहती है मजदूरी का काम करती है वह अपने पति के साथ भोपाल में रहकर मजदूरी का काम करती है किन्तु पिछले एक माह से वह अपनी बच्ची एमी वरकड़े के साथ अपने घर पातादेई आयी हुई है उसका देवर सुन्दरलाल अपनी पत्नी और बच्चों के साथ पास की झोपड़ी में रहता है तथा देवर सुन्दर की लड़की महिमा अपने दादा-दादी के साथ रहती है। दिनांक 16.05.2022 की रात में 09.00 बजे उसने तथा उसकी सास सुकरती बाई, ससुर नरबद सिंह, बच्ची एमी तथा भतीजी लड़की महिला के साथ घर के आंगन में बैठकर खाना खाया था। खाना खाने के बाद उसके सास-ससुर तथा महिमा छत पर सोने चले गये थे और वह अपनी बच्ची के साथ घर में सो गयी थी। दिनांक 17.05.2022 को सुबह 6.00 बजे उसने अपनी बच्ची एमी को बोला कि सबको उठा ले तो वह सीढ़ी की मदद से छत पर गयी थी वहां से उसने आवाज दी कि म मी देखो यहा या हो गया है। तब सीढ़ी से चढ़कर छत पर गयी थी तो देखा कि तीनों मरे पड़े है। उसके ससुर के गर्दन पर धारदार हथियार का निशान था सास सुकरती बाई की गर्दन घड़ से कटी हुई थी। महिमा के गले में भी धारदार हथियार के निशान थे। वे सभी अपने-अपने बिस्तर पर खून से लथपथ मरे पड़े थे। उसके रोने व चिल्लाने पर उसका देवर सुंदर वरकड़े चाचा ससुर का लड़का मोतीलाल एवं साकेत परते आ गये थे और भी लोग आ गये थे। किसी अज्ञात आरोपी ने धारदार हथियारों से चोटें पहुंचाकर हत्या कारित की है और सुकरती बाई का सिर लेकर चले गये है। साकेत परते ने अपने मोबाईल से पुलिस को सूचना दी। संपूर्ण विवेचना के उपरांत प्रथम सूचना रिपोर्ट अपराध क्र. 183/2022 अंतर्गत धारा 302.201,34 भादवि के तहत दर्ज करते हुये अभियुक्तगण के विरूद्ध अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया ।विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्क से सहमत होते हुये विचारण उपरांत माननीय पंचम अपर सत्र न्यायालय जिला मण्डला द्वारा आरोपी मोतीलाल वरकड़े पिता स्व. देवसिंह वरकड़े आयु 36 वर्ष एवं खेतूलाल उर्फ खेतूसिंह वरकड़े पिता देवलाल वरकड़े आयु 25 वर्ष दोनो निवासी ग्राम पातादेई थाना मोहगांव जिला मंडला को दोषी पाते हुये उक्त दण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्री सरमन सिंह ठाकुर के द्वारा की गई है।

# चौक का नाम बदलने के प्रस्ताव से आहत हुई धार्मिक आस्था, जनता मे आक्रोश




**1. नर्मदा जी वार्ड के पार्षद के प्रस्ताव से हुआ बवाल**
**2. आस - पास के लोगो द्वारा लैंडमार्क के रूप मे किया जाता है उपयोग**
**3. लोगो की आस्था का प्रतीक है दुर्गा चौक**
**4. संबन्धित वार्ड की पार्षद को खबर ही नहीं**

मंडला यशोः- विगत दिवस नर्मदा जी वार्ड पार्षद ब्रजेश जसवानी द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमे केबिनेट मंत्री संपातिया उईके, नगर पालिका अध्यक्ष और मंजू कछवाहा पूर्व पार्षद और वर्तमान भारतीय जनता पार्टी महिला अध्यक्ष का स मान किया गया । उसी कार्यक्रम मे पार्षद बृजेश जसवानी ने जो की नर्मदा जी वार्ड के पार्षद है उन्होने सुभाष वार्ड से संबन्धित एक मांग पत्र मु य अतिथियों को सोपा जिसमे सुभाष वार्ड स्थित दुर्गा चौक का नाम बदल कर शहीद हेमू कालानी के नाम पर रखने की मांग रखी गई । जिस प्रस्ताव को नगर पालिका अध्यक्ष ने सहज स्वीकार करते हुये उसे मु य नगर पालिका अधिकारी को भेज दिया। जब इस विषय मे आम जनता को पता चला तो दुर्गा चौक के आस ङ्क पास के नागरिकों ने उसका विरोध किया और प्रस्ताव को रद्ध करने की मांग की ।

**नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा प्रस्ताव को स्वीकार करना ही उठा रहा कई सवाल**

दुर्गा चौक लोगो के आस्था का केंद्र होने के साथ ङ्क साथ उस वार्ड के वासियों के लिये एक बड़ा लैंडमार्क भी है इस बात की प्रामाणिकता इससे सिद्ध होती है की वहाँ पर रहने वाले ज़्यादातर लोगो के आधार कार्ड मे पते मे दुर्गा चौक और दुर्गा मंदिर का ज़िक्र है अगर उस स्थान का नाम बदलता है तो लोगो को अपना आधार कार्ड मे पता भी बदलना पड़ सकता है । इन सब मे सोचने की बात यह है की नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष खुद सुभाष वार्ड के ही निवासी हैं और दुर्गा चौक व दुर्गा मंदिर से उनकी पुरानी आस्था जुडी हुई है इन सब के बावजूद भी उन्होंने यहाँ प्रस्ताव` यों स्वीकार किया यह सोचने का विषय है। जबकि वहाँ मौजूद भारतीय जनता पार्टी की महिला अध्यक्ष मंजू कुशवाहा ने इस प्रस्ताव का विरोध किया था। सुभाष वार्ड की वर्तमान पार्षद को इस विषय में कोई जानकारी ही नहीं है और उनके वार्ड में कोई कार्य उनकी जानकारी के बिना ही हो जाता है यह नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर बहुत बड़ा सवाल है। यहाँ पर एक विचाराधीन विषय यह भी है कि सुभाष वार्ड से लगे भगत सिंह वार्ड के पार्षद भी सिंधी समाज से ही है और वह भी कांग्रेस पार्टी से ही चयनित है पर उनके द्वारा ऐसी कोई भी माँग नहीं रखी गई। दुर्गा मंदिर के बाजू से वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन है जहाँ पर रोजाना बड़े वाहनों का आना-जाना लगा रहता है ऐसी स्थिति में यहाँ पर मूर्ति की स्थापना किस प्रकार होगी यह नगर पालिका अध्यक्ष और नर्मदा जी वार्ड के पार्षद ही बता सकते हैं।

**यहाँ की जा सकती है प्रतिमा की स्थापना**

पमनानी चौक या झूलेलाल कॉलोनी में इस प्रतिमा की स्थापना की जा सकती है।` योंकि यहाँ पर जमीन भी पर्याप्त है और यहाँ पर सिंधी समाज के लोगों की आबादी भी अधिक है जिससे प्रतिमा का रखरखाव अच्छी तरह हो पाएगा।

## नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को 03 वर्ष का कठोर कारावास एवं जुर्माना

मंडला यशोः- मानूनीय विशेष न्यायाधीश (पो सो) जिला मण्डला द्वारा आरोपी अब्दुल समद कुरैशी पिता अब्दुल वहीद कुरैशी उम्र 28 साल निवासी ग्राम नादिया थाना महाराजपुर जिला मंडला को दोषी पाते हुये धारा 354 (घ) भादवि एवं 7/8 पॉ सो ऐ ट में 03 वर्ष का कठोर कारावास एवं कुल 2500 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।अभियोजन कहानी संक्षिप्त में इस प्रकार है, अभियो त्री ने दिनांक 29.09.2021 को महिला पुलिस थाना मंडला में अभियुक्त के विरूद्ध इस आशय की रिपोर्ट लेख करायी कि अभियुक्त ने दिनांक 19.08.2021 को जब वह कोचिंग पैदल जा रही थी, तब अभियुक्त ने उसका पीछा किया उसके पश्चात कोचिंग आते-जाते समय लगातार पीछा करने लगा तथा दिनांक 27.09.2021 को जब वह स्कूल के बाद पैदल दोपहर 12.00 बजे करीब दुकान के पास मोहल्ला पहुंची तो अभियुक्त उसके पास आया और उसे रास्ते में रोककर बुरी नियत से उसका हाथ पकड़ लिया और उससे चिल्लाने पर वह उससे कहने लगा कि अगर वह उससे बात नहीं करेगी, तो वह उसे और उसके घरवालों को जान से मार देगा और उसका हाथ छोड़ दिया। उक्त रिपोर्ट के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट अपराध क्र. 08/2021 धारा 341, 354, 354 (क) (1) आई, 506 भादवि एवं धारा 7/8 पॉ सो ऐ ट का अपराध पंजीबद्ध कर संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्क से सहमत होते हुये विचारण उपरांत माननीय विशेष न्यायाधीश (पॉ सो) जिला मण्डला द्वारा आरोपी अब्दुल समद कुरैशी पिता अब्दुल वहीद कुरैशी उम्र 28 साल निवासी ग्राम नादिया थाना महाराजपुर जिला मंडला को दोषी पाते हुये उक्त दण्ड से दण्डित किया गया।

## उपभोक्ता जागरूकता को प्रोत्साहित किये जाने के संदर्भ में विद्यार्थियों से निबंध-पोस्टर आमंत्रित

सिवनी यशोः- जिला आपूर्ति अधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि उपभोक्ता जागरूकता को प्रोत्साहित किये जाने के उद्देश्य से राज्य में प्रति वर्ष 15 मार्च को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जिसमें उपभोक्ता क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करनें वाले स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठन /व्यक्तियों को राज्य एवं संभाग स्तरीय पुरुस्कार प्रदाय किया जाता है साथ ही उक्त संबंध में निबंध एवं पोस्टर में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करनें वाले स्कूली विद्यार्थियों को भी राज्यस्तरीय पुरूस्कार प्रदान किया जाना है। अत~उक्त संबंध निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता में पुरूस्कार हेतु स्कूली विद्यार्थियों से जिला आपूर्ति अधिकारी कार्यालय सिवनी में 06 फरवरी 2024 तक निबंध-पोस्टर सह आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्राप्त आवेदनों का परीक्षण उपरान्त राज्यस्तरीय चयन समिति को प्रेषित किया जाएगा।

# 9 नवीन सीएम राइज स्कूलें आयी धरातल पर दिस बर तक होगी पूर्ण

## निर्माण कार्यो की राशि बार-बार नही मिलती गुणवत्तापूर्ण कार्य ही प्राथमिकता होनी चाहिए- कले टर



बालाघाट। कले टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने शुक्रवार को पीआईयू विभाग द्वारा 11 विभागों के नवीन निर्माणाधीन कार्यो की समीक्षा विभाग व ठेकेदारों के साथ की। समीक्षा बैठक के दौरान पीआईयू विभाग द्वारा जानकारी प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि जिले में 9 सीएम राइज स्कूल स्वीकृत की गई है। इन सभी का कार्य प्रार भ हो गया है। इन स्?कूलों को पूर्ण करने का लक्ष?य दिस बर माह निर्धारित है। इनमें बालाघाट, लेन्डेझरी और वारासिवनी की स्कूलों का निर्माण कार्य फिनिशिंग स्तर पर पहुँच गया है। कले टर डॉ. मिश्रा ने स बन्धित ठेकेदारों से कहा कि किसी भी निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नही होगा। शासन द्वारा किसी एक कार्य के लिए बार-बार राशि प्राप्त नहीं होती है। इश्लिये यह अच्छी तरह से जान ले अगर गुणवत्ता खराब हुई तो ठेकेदारों पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही विभाग अपनी निगरानी में हर एक कार्य डिजाइन और स बन्धित विभागों की गाइडलाइन का भी ध्यान रखें। कले टर डॉ. मिश्रा ने 11 विभागों के अंतर्गत पीआईयू विभाग द्वारा कुल 71 कार्य करावाये जा रहें है। 71 में 63 कार्य प्रगति पर है तथा 8 कार्य अप्रारंभ है। इसमें सबसे अधिक 25 कार्य है। इसके बाद जनजाति कार्य विभाग के 13 और सीएम राइज के 9 कार्य शामिल है। बैठक के दौरान ठेकेदारों ने निर्माण कार्यों में आ रही समस्याओं से भी अवगत कराया। बैठक के दौरान परियोजना क्रियान्वयन इकाई के एसडीओ व उपयंत्री सहित स बंधित कार्यो के ठेकेदार भी मौजूद रहे।

**निर्माण गति स्लो होने पर ठेकेदारों को नोटिस होंगे जारी**

पीआईयू के कार्यपालन यंत्री श्री उदलसिंह उइके ने बताया कि कले टर डॉ. मिश्रा ने निर्माण कार्यो की धीमी गति होने पर स बन्धित ठेकेदारों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है। इसमें शासकीय महाविद्यालय व खैरलांजी के महाविद्यालय की धीमी गति पर तथा एक ठेकेदार को बैठक में अनुपस्थित रहने पर भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए है।

**दमोह और भन्डेरी के छात्रावास मार्च में होंगे पूर्ण**

परियोजना क्रियान्वयन इकाई द्वारा जनजाति कार्य विभाग के 5 होस्टल्स व 8 स्कूलों का निर्माण किया जा रहा है। इसमें बिरसा जनपद में आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास दमोह व बालक छात्रावास भन्डेरी का कार्य मार्च में पूर्ण करने की जानकारी दी गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, विधि विधायी विभाग, राजस्व विभाग, जेल, आयुष, महिला बाल विकास और सामाजिक न्याय विभाग के निर्माणाधीन कार्यो की समीक्षा की गई

## जुआ फड़ पर दबीश 6 लाख का मसरूका पुलिस ने किया जब्त




मंडला यशोः- आज दिनाँक 02/02/2024 को विश्वसनीय मुखबीर के माध्यम से सूचना मिली थी की ग्राम माधोपुर में निर्माणाधीन मकान के पास बिजली के खंभे के पास उजाले में कुछ जुआरी तांस के पत्तो में रूपये पैसों के दाँव लगाकर हारजीत का खेल खेल रहे हैं। उक्त प्राप्त सूचना पर थाना ब हनी एवं पुलिस चौकी अंजनियां के संयुक्त पुलिस टीम ने मुखबीर के बताये स्थान पर दबिश दिया गया जो मौके पर आरोपी एडवर्ड पिता एडीसन मसीह उम्र 31 वर्ष निवासी हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी मंडला, नीलेश पिता संतोष चौरसिया 36 वर्ष सा. माधोपुर, अनुराग पटैल पिता संतोष पटैल उम्र 22 वर्ष सा. बस स्टैण्ड मंडला, हिमांशु उर्फ हनी कटारिया पिता राजकुमार कटारिया उम्र 48 वर्ष सा. अंजनियां ताँस के पतों में हारजीत का दाँव लगाते जुआ खेलते मिले तथा जुआ खेलते मिले। आरोपीगणों के पास एवं जुआ फड से कुल नकदी रकम 31,00 रुपये दो मोबाइल वीवो मोबाईल कीमती 10,000 रुपये, रियल-मी मोबाईल कीमती 10,000 रुपये मिले साथ ही घटना स्थल में आरोपी अनुराग पटैल से एक सि ट कार क्रमांक एम.पी. 20 जेड.सी. 2238 कीमती 5,00000 रुपये की व आरोपी हिमांशु उर्फ हनी कटारिया से एक हॉण्डा लीवो कंपनी की मोटर सायकिल क्रमांक एम.पी. 51 एम.ई. 1547 कीमती 80,000 रुपये का कुल कीमती 603100 रुपये मिली जिसे पुलिस टीम द्वारा विधिवत जप्त किया जाकर आरोपीगणों के विरुद्ध धारा 13 जुआ ऐ ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक वर्षा पटैल, चौकी प्रभारी उनि. विकास सिंह तोमर, उनि. खुशबू बिसेन थाना ब हनी प्र. आर. उत्तम पटैल, आर. सुनील सिंह आर. उत्तम गाँठरिया चौकी अंजनियां की विशेष भूमिका रही।

## सीईओ ने की बैंक कार्यों की समीक्षा



बालाघाट। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट के सीईओ आर.सी. पटले द्वारा 2 फरवरी को कले टर व बैंक प्रशासक डॉ गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में वीसी के माध्यम से शाखाओं प्रबंधक, सुपर वाइजर, संस्था प्रबंधकों की बैठक ली गई। श्री पटले ने निर्देश दिया कि मध्यम कालीन ऋ्रण प्रकरण अंतर्गत समितियो द्वारा शाखाओं के माध्यम से मु यालय प्रेषित करे।इस अवसर पर पी. जोशी प्रबंधक लेखा, राजेश नागपुरे फील्ड अधिकारी, श्रीमती राज नंदनी परिहार, अमरेश परिहार उपस्थित रहे।
इस दौरान श्री पटले ने पै स ऑनलाइन, उपार्जन, ईपीओ, ऋ्रण वितरण, ब्याज अनुदान, घर घर केसीसी अभियान, युवा और महिला पखवाड़ा की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## एकीकृत विद्यालय शासकीय हाई स्कूल बिंझिया में स मान एवं बिदाई समारोह संपन्न

मण्डला यशोः-एकीकृत विद्यालय शासकीय हाई स्कूल बिंझिया में कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश शासन श्रीमती संपत्तिया के मु य आतिथ्य एवं अनादि वर्मा जिला जनसंपर्क अधिकारी एवं डॉ व्ही के चौरसिया प्राचार्य रानी दुर्गावती महाविद्यालय मंडला के विशिष्ट आतिथ्य में प्रतिभा स मान समारोह एवं कक्षा दसवीं के छात्रों का विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया विद्यालय में सर्व प्रथम मां सरस्वती जी की प्रतिमा में दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के प्राचार्य मुकेश पांडेय के द्वारा विद्यालय की उपलब्धिया को बताया साथ ही विद्यालय की आवश्यकता को भी मंत्री के सामने प्रस्तुत किया । इस अवसर पर माननीय स पतिया उइके कैबनेट मंत्री के द्वारा कीड़ा प्रतियोगिता, ओजस ` लब, जीवन कौशल शिक्षा एवं परीक्षा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र-छात्राओं को स मानित किया गया साथ ही कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश शासन के द्वारा विद्यालय में आयोजित की गई गतिविधियों की सराहना की गई। उन्होंने कहा कि इस स्कूल के बच्चे 10वीं परीक्षा पास कर विभिन्न क्षेत्रों में अपने अपना करियर बनाएं ओर उन्होंने विभिन्न गतिविधियों में सफल नहीं होने वाले छात्रों को का हौसला दिया कि आगामी गतिविधियों में परीक्षा में तैयारी कर विभिन्न प्रतियोगिता में अव्वल स्थान प्राप्त करे।वर्तमान में विद्यालय कक्षा 1 से 10 तक संचालित है इस विषय पर उनके द्वारा कहा गया कि विद्यालय में कक्षा 11वीं,12वीं की कक्षाएं भी शुरू करने का प्रयास किया जाएगा। कार्य के विशिष्ट अतिथि अनादि वर्मा, प्रो बिजेन्द्र चौरसिया प्राचार्य रानी दुर्गा महाविद्यालय मण्डला के द्वारा छात्रो को आगामी परीक्षा पास करने की टिप्स दी गयी और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जुरावर सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य, शशि पटेल पूर्व नगर पालिका पार्षद मंडला उपस्थित रहे। मंच संचालन श्रीमती संगीता मेश्राम एवं कार्यक्रम के सफल आयोजन में श्रीमती अंजू दुबे एवं समस्त स्टाफ का सहयोग रहा। आभार प्रदर्शन गायत्री शु ला द्वारा किया गया।

# मतदाता सूची शुद्ध तथा त्रुटिरहित बनाएं - आयुक्त श्री वर्मा

## संभागायुक्त एवं रोल प्रेक्षक श्री वर्मा ने की मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा



मण्डला यशोः- रोल प्रेक्षक एवं संभागीय कमिश्नर अभय वर्मा ने फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण के संबंध में जिले के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की जिला योजना भवन के सभाकक्ष में बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि पुनरीक्षण कार्य को पूरी गंभीरता से करते हुए निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें। पुनरीक्षण के माध्यम से मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए बीएलओ घर-घर जाकर सर्वे कार्य करें। जिन भी व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची से छूटे व्यक्तियों का चिन्हांकन कर उनसे नियमानुसार फॉर्म भरवाएं तथा उनका मतदाता सूची में नाम जोड़ने की कार्यवाही करें। मतदाता सूची से किसी भी का नाम काटने के पूर्व दस्तावेजों से विधिवत सत्यापन सुनिश्चित करें। मतदाता सूची में दोहरी प्रविष्टि नहीं हो, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये। बैठक के प्रारंभ में कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य के दौरान जिले में की गई गतिविधियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर अपर कले टर राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कले टर अरविंद सिंह, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा बीएलओ उपस्थित रहे।

**जहाँ अधिक नाम जोड़े या काटे गए हैं वहां क्रॉसचैक करें**

रोल प्रेक्षक श्री वर्मा ने निर्देशित किया कि पुनरीक्षण के दौरान जिन स्थानों में सामान्य से अधिक नाम काटने अथवा जोड़ने के आवेदन प्राप्त हुए हैं, वहां पर संबंधित सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनिवार्य रूप से भ्रमण कर क्रॉसचैक करें। उन्होंने इस संबंध में बीएलओ की समीक्षा बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। श्री वर्मा ने कहा कि मृत व्यक्तियों के नाम काटे जाने के संबंध में ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय से समन्वय करें तथा विधिवत पंचनामा तैयार करें, जिसमें मृत्यु प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से संलग्न हो। पुनरीक्षण के दौरान जेंडर रेशो एवं ईपी रेशो पर भी फोकस करें। जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को प्रोत्साहित करें। बीएलओ को उनके मतदान केन्द्र के जेंडर रेशो एवं ईपी रेशो की भी जानकारी होनी चाहिए। रोल प्रेक्षक ने सुपर चेकिंग के दौरान प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर संबंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने तीनों विधानसभा में किये गये इस कार्य को अवलोकन भी किया।

**कॉलसेंटर को उपयोगी बनाएं**

बैठक में श्री वर्मा ने वोटर हेल्पलाइन न बर 1950 पर अभी तक आई शिकायतों के निराकरण की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए जिन लोगों की ड्यूटी लगाई गई है, उन्हें प्रशिक्षण प्रदान करें। कॉलसेंटर में ऐसे लोगों की ड्यूटी लगाएं जिन्हें निर्वाचन संबंधी कार्यो की जानकारी हो। कॉलसेंटर को उपयोगी बनाएं। उन्होंने कहा कि कॉलसेंटर में प्राप्त होने वाली शिकायतों का व्यवस्थित अभिलेख संधारित करें। रोल प्रेक्षक श्री वर्मा ने प्रत्येक विधानसभा में बनाए गए ईव्हीएम प्रदर्शन केन्द्र के संबंध में भी जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

## 573 दिव्यांग बच्चों को वितरीत किये गये सहायक उपकरण

**ट्रायसिकल, व्हील चेयर, सीपी चेयर, कैलिपर्स, श्रवण यंत्र जैसे उपकरणों का हुआ वितरण**

बालाघाट । समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले शासकीय शालाओं में अध्ययनरत कक्षा 1 से 8 तक के दिव्यांग बच्चों के लिए सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन 19 जनवरी से 1 फरवरी तक 10 विकासखण्डो के जनपद शिक्षा केन्द्र में आयोजित किया गया था। सहायक परियोजना समन्वयक श्री थानथराटे द्वारा बताया गया कि दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मु य धारा में शामिल करने के उद्देश?य से इस शिविर का आयोजन किया गया था। इसके माध्यम से बच्चो की आवश्यकता अनुरूप छोटी-बड़ी व्हील चेयर, सीपी चेयर, ट्राय सायकल, एल्बोक्रच, रोलेटर, श्रवण यंत्र, केलीपर, ब्रेल किट, स्मार्ट केन जैसे कुल 729 उपकरण 573 बच्चों को एलिमको के सहयोग से वितरीत किये गये। बच्चें इन उपकरणो के माध्यम से शाला तक आसानी से पहुच सकते है।
शिविर में डीपीसी डॉ. महेश शर्मा द्वारा शिविर स्थल में पहुंच कर दिव्यांग बच्चों का उत्साहवर्धन किया एवं उपस्थित अभिभावको से आव्हान किया कि इन दिव्यांग बच्चों को किसी से कम न समझे। वहीं उपकरणो के उपयोग के बारे में समझाईस देते हुए प्रतिदिन शाला जाने के लिये प्रेरित भी किया गया। सभी एमआरसी को निर्देशित किया गया कि प्रदाय उपकरणो का सभी दिव्यांग बच्चें उपयोग करे एवं बच्चों को उपकरण उपयोग करने में कोई समस्या आये तो उसका समाधान शीघ्र किया जाये।